संक्षिप्त

कैरिअर मेले का आयोजन

झुंझुनूं । जिले के नवलगढ़ उपखंड के टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कॅरिअर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में आयुर्वेद चिकित्सक सतवीर जाखड़, पशुधन सहायक मुकेश कुमार चाहर, प्रधानाचार्य भागमल सैनी, सेवानिवृत्त सैनिक रमेश शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन देवी, सिलाई कार्य करने वाली चंदा देवी व अध्यापक लक्ष्मण थे। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने सभी विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस मौके पर सभी ने अलग-अलग वार्ता कर विद्यार्थियों को अपने अपने विषय से जुड़ी उपयोगी जानकारी देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस मौके पर कला, विज्ञान और वाणिज्य विषय के अध्यापकों ने कैरियर ट्री के मॉडल बना कर विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से उनके कैरियर के बारे में स्पष्ट फैसला लेने के लिए निर्देशित किया। सभी ने शिक्षकों के मॉडल को सराहा। इस अवसर पर व्याख्याता मोनिका संदीप, अर्पणा सैनी, वरिष्ठ अध्यापक अंजू स्वामी, महावीरप्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, रामलखन सैनी, लक्ष्मणराम, अमन कुमार, शारीरिक शिक्षक कुलदीप सिंह, कंप्यूटर अनुदेशक मनोज कुलदीप, कनिष्ठ सहायक संदीप कुमार, पंचायत सहायक शर्मिला, सुमन शर्मा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त

सीकर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर द्वारा प्रायोजित पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव माह फरवरी 2025 के तहत सविरोध निर्वाचन 14 फरवरी 2025 को होना है। निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त कर निर्देशित किया है कि मतदान दिवस तथा मतगणना दिवस को संबंधित क्षेत्र में भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तुरन्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को अवगत करवायें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के आदेशानुसार जगदीश प्रसाद बैरवा तहसीलदार श्रीमाधोपुर वार्ड संख्या 9 को पंचायत समिति अजीतगढ़, भीमसेन सैनी तहसीलदार सीकर ग्रामीण को ग्राम पंचायत जेरठी, नारायण राम दैया तहसीलदार घोद को वार्ड संख्या 8, वार्ड पंच, ग्राम रसीदपुरा में नियुक्त किया गया है।

भजन संध्या आज

रतनगढ । रतनगढ तहसील के गांव जालेऊ में सीमार भवन के प्रांगण में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा।सीमार समाज की मुखिया श्रीमती गोगादेवी सीमार के सानिध्य में बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर भजनों की स्वर लहरिया बिखरी जाएगी। सीमार ई मित्र एंड सीमार स्टूडियो के निदेशक श्योदान सीमार(श्रीराम) ने बताया कि विराट भजन संध्या का आयोजन मंगलवार 11.02.024 को 7:15 बजे से प्रभु इच्छा तक बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार, ईत्र वर्षा,पुष्प वर्षा सुंदरकांड में धर्म प्रेमी पहुंचने के लिए गूगल कैमरा द्वारा कोड स्कैन कर लोकेशन प्राप्त करें और जागरण में पहुंच सकते हैं। प्रबुद्धजनों, संतो व गायकारों का सम्मान समारोह भी किया जाएगा।सीमार स्टूडियो के सचिव जगदीश आसाराम सीमार ने बताया कि जागरण में पहुंचने वाले सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। भव्य जागरण की तैयारीयों में समाज बंधु व धर्म प्रेमी लगे हुए हैं।

बाजार से अतिक्रमण हटाया

तारानगर । तारानगर उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला के सुपर विजन में तारानगर थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिँह व उनकी टीम के सहयोग से सोमवार को मय जाप्ते के शहर में अतिक्रमण हटाया। थानाधिकारी खिड़िया ने बताया कि मुख्य बाजार की सड़कों पर व्यापारियों ने 3-5 फ़ीट की दुरी पर अपने सामान रख रखे थे जिससे यातायात व आमजन को बड़ी परेशानी होती रहती है एवं सीएलजी की बैठक में भी बार बार ये मुद्दा उठ चुका है शहरवासियों ने भी कई बार इसकी शिकायत पालिका में दें चुके है प्रशासन के बार बार समझाइस करने के बाद भी व्यापारी नहीं मान रहे थे जिसको लेकर आज सोमवार को मय जाप्ते के पालिका कर्मचारियों के साथ बाजार से अतिक्रमण हटाया गया। थानाधिकारी ने बताया कि व्यापारियो को निर्देश दिए कि अगर भविष्य में फिर से अतिक्रमण पाया गया तो कठोर कार्यवाही की जावेगी।

कैरियर का चयन कौशल के अनुरूप करना चाहिए : योगाचार्य जोशी

रतनगढ़ । संचियालाल बैद राजकीय बालिका उ मा विद्यालय में करियर मेला पवन जोशी की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पवन जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि करियर का चयन अपनी दक्षताओं व कौशल के अनुरूप करना चाहिए। करियर निर्माण

■ 'कैरियर निर्माण के दौरान अपने जीवन मे तनाव को हावी नहीं देना है'

के दौरान अपने जीवन मे तनाव को हावी नहीं देना है।इस अवसर पर भामाशाह प्रेरक ओम प्रकाश चौधरी, अनिल पारीक, दातार सिंह, रुकमणी देवी, शिशुपाल घुघरवाल, श्रवण ढाका ने अपने विचार व्यक्त किए। संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।करियर मेले पर आयोजित पोस्टर ,संकलन ,भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः मुस्कान, तृप्ति व खुशी प्रथम रही।विजेताओं को सम्मानित किया गया।इस दौरान उम्मेद सिंह,लीलाधर शर्मा, रमा खेरवाल,अंजू चौहन, गुड्डी मीणा, सरोज महला,वंदना अग्रवाल, सरला वैष्णव, उषा माली उपस्थिति थी। संचालन मनोज सारस्वत ने किया।

संचियालाल बैद राजकीय बालिका के समारोह में भामाशाह प्रेरक ओमप्रकाश चौधरी (प्रमाण पत्र देते हुए) ने छात्रों को सम्मानित किया।

पायलट ने किसानों की सेवा की थी'

चूरू । पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की जयंती पर नई सड़क पर सोमवार को पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांठोस कार्यकर्ताओं और गणमान्य जनों ने पायलट के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि स्व. पायलट किसानों के मसीहा थे। उन्होंने किसानों की पूरजोर सेवा की थी। अतः आज पूरा देश उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा है। महनसरिया ने कहा कि इसी प्रकार उनके पुत्र पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी आमजन की आवाज बने हुए हैं। इस अवसर पर चूरू शहर ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष असलम खोकर, पार्षद अली मोहम्मद भाटी, समी उल्लाह गौरी, मोहन, ताराचंद, लालचंद, पार्षद विजय जालान, युसूफ लुहार, शेरखान मलकान, फूलचंद अयूब खान, असलम खान, खेताराम मानक जाखड़, ओमप्रकाश गेट, इदरीश खान, मोहर सिंह पुनिया सहित बड़ी संख्या में कांठोस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अधिवक्ता समाज की सुरक्षा के लिए सरकार से मांग

पाटन । अधिवक्ता समाज स्वतंत्रता संग्राम से लेकर अब तक देशहित में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है और न्याय प्रणाली का एक अभिन्न अंग रहा है। अधिवक्ताओं ने सदैव न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष किया है, लेकिन वर्तमान समय में अधिवक्ता व उनके परिवारजन लगातार प्राणघातक हमलों का शिकार हो रहे हैं। प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण कई अधिवक्ताओं को आत्महत्या करने के लिए भी मजबूर होना पडा है। अधिवक्ताओं को न्याय प्रणाली का महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है और एडवोकेट एक्ट के तहत उन्हें "ऑफिसर ऑफ द कोर्ट" का दर्जा प्राप्त है। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से अधिवक्ता समाज ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ता समाज की प्रमुख मांगें : राजस्थान में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके तथा 30 वर्ष की वकालत पूरी कर चुके अधिवक्ताओं को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। अधिवक्ताओं के लिए मेडिकल क्लेम व बीमा पॉलिसी की व्यवस्था कर शीघ्र लागू किया जाए। अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य हेतु यात्रा करने पर टोल टैक्स में छूट दी जाए। नवोदित अधिवक्ताओं को प्रारंभिक 5 वर्षों तक 10,000 हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, जिससे वे बिना आर्थिक बाधाओं के न्यायिक क्षेत्र में कार्य कर सकें। अधिवक्ता समाज का कहना है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से अपील की है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे वे बिना भय और अवरोध के न्यायिक दायित्वों का निर्वहन कर सकें। अधिवक्ता समाज को पूर्ण विश्वास है कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र उचित निर्णय लेगी।

शेखावत को बाटड़. ने किया नमन

सीकर ।भाजपा के संस्थापक व पुरोधा रहे, उपराष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित करने वाले स्व. भैरोंसिंह शेखावत को भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने नमन किया है। स्व. शेखावत की जन्म स्थली दांतारामगढ़ के खाचरियावास में बने स्मारक पर सोमवार को गए जिलाध्यक्ष बाटड़ ने प्रतिमा के सामने नतमस्तक हुए और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने स्व. भैरोंसिंह शेखावत को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. शेखावत भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक है। भाजपा में उनके बताए मार्ग अंत्योदय योजना को लेकर ही काम हो रहा है। वे हमेशा अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के बारे में सोचते थे। कहा आज भाजपा उनके बताए मार्ग पर चल रही है।

इस दौरान प्रभु सिंह गोगावास, गोविंद सिंह लांबा, जितेंद्र सिंह करंगा, गिरधारीलाल कुमावत, बाबूलाल हल्दुनिया, राजेंद्र सिंह भारीजा, दिनेश कुमावत, लव सिंह मंडा, नरेंद्र सिंह शेखावत, सरपंच रामलाल मीणा, रामदेव भामू, करण सिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

सुरक्षित इंटरनेट दिवस कल

सीकर । सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने संबंधित प्रशिक्षण देकर सुरक्षित इंटरनेट दिवस के बारे में जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशन पर मंगलवार 11 फरवरी 2025 सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभागीय कर्मचारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण देंगे साथ ही जिले के समस्त सरकारी विभागों, स्कूलों एवं कॉलेजो में इससे संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सोमेंद्र पूनिया द्वारा साइबर स्वच्छता, फिशिंग, हैकिंग, मालवेयर से स्वयं के कंप्यूटर उपकरणों एवं व्यक्तिगत खातों को बचाने की जानकारी दी गई। इस दौरान मजबूत पासवर्ड, दो चरणीय प्रमाणिकता, मजबूत स्क्रीन लॉक और बायोमेट्रिक, विश्वसनीय स्त्रोतों से मोबाइल एप्स डाउनलोड, सुरक्षित इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करने, संदिग्ध ईमेल और लिंक से बचने, सॉफ्टवेयर और एप्स को नियमित रूप से अपडेट करने से संबंधित जानकारी दी गई ।

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सोमेंद्र पूनिया ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस वैश्विक रूप से मनाया जाता है जिसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता की प्रक्रिया के तहत आमजन एवं अधिकारियों को उनके कंप्यूटर उपकरणों एवं उसमें रखी गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करती है। इससे डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, यूआईटी सचिव जेपी गौड़ सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

भजन संध्या आयोजित

चूरू । स्थानीय श्री राम मंदिर में श्री श्याम एकादशी भक्त मंडल की ओर से आयोजित मन की बातां सांवरिया कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार देर षाम बाबा श्याम की भव्य भजन संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आगाज चूरू के राकेश दाधीच ने गणेश वंदना से किया। कार्यक्रम में आशीष शर्मा आशु व अनुज गोयल ने भक्तों की नैया को भी कर दो किनारा, तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा....., दो दिन के बदले में तीस दिन तक मौज करूं, अपने ठाकुर की सेवा भजनों से मैं रोज करूं.....। वहीं मुरादाबाद की शिल्पी कौशिक ने सांवरे की महफिल को मेरा सांवरा सजाता है, किस्मत वालों के घर में श्याम आता है, तू खाटू बुलाता रहे मैं आता रहूं, हम देख तेरा सिंगार दीवाने हो गए, मेरा हाथ पकड़ कर देख बाबा मन मेरा घबराए। वहीं कोलकाता के मयंक अठावाल ने लगन तुमसे लगा बैठे, तुम्हारी शरण मिल गई सांवरे जिंदगी मिल गई सहित एक से बढ़कर एक आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में फूलों की होली, इत्र वर्षा, छप्पन भोग व बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया।

'झुंझुनूं एकेडमी हर विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है'

झुंझुनूं । झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के डीएम मोदी सभा गृह में सोमवार को विदाई एवं शुभकामना समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एल्युमिनाई स्टूडेंट्स झुंझुनूं के निजी अस्पताल में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दुष्यंत सोनी, गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. सुनिता लांबा, काया मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. गुलशन बानो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, डायरेक्टर आकाश मोदी व गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैड मिस्ट्रेस उमा शर्मा, शूरवीर डिफेंस एकेडमी मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत शेखावत, एकेडमिक डायरेक्टर अमित शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि उपस्थित थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप-दान किया तथा सभी अतिथियों का गुलदस्ते एवं उपहार भेंट कर पारम्परिक स्वागत किया गया। इसके पश्चात कक्षा 11 एवं विद्यार्थी परिषद् ने

■ विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

अनेक रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। छात्राओं ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। फरद्धिमा एंड ग्रुप ने अपने शानदार स्क्वाड नृत्य से सबका मन मोह लिया। छात्रा लक्ष्मी एंड ग्रुप ने कैरिओके की धुन पर शानदार गायन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। सिमरन एंड ग्रुप ने अपने नृत्य के माध्यम से अपनी स्कूल जर्नी को जीवंत किया तथा सामूहिक नृत्य को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत कर स्कूल मैनेजमेंट तथा सभी अध्यापकों को समर्पित कर कृतज्ञता प्रकट की। खुशी एंड ठ्रुप ने अपने भांगड़ा नृत्य से पंजाबी संस्कृति का बखूबी परिचय दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में वर्षभर किए गए रचनात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यों के लिए विद्यार्थियों को उनके व्यक्ति त्वानुसार एकेडमिक कम एक्सीलेंस अवार्ड, मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल के सभी अध्यापकों को भी उनके व्यक्ति त्वानुसार टाईटल्स भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 की छात्रा सिद्धिमा रूलानिया, रिया जगवान, जयश्री शेखावत, आंचल पांडे ने अपने वर्ष भर के अनुभव भी शेयर किए। मुख्य अतिथि एवं एल्युमिनाई डॉ. दुष्यंत सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अतिथि के रूप में स्कूल में बुलाना वास्तव में हमारे लिए गर्व की बात है। सभी विद्यार्थी अपने करियर पर फॉकस करें। एक-दूसरे को मोटिवेट करते रहें एवं सामाजिक रूप से भी जुड़े रहें। समय-समय पर गुरूजनों का मार्गदर्शन लेते रहे। यह सब आदतें आप को जल्द ही लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाती है । डॉ. सुनिता लांबा ने अपने उद्बोधन में जीवेम चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि झुंझुनूं एकेडमी हर विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। अध्यापकों का ऐसा सम्मान मैंने आज तक किसी स्कूल के समारोह में नहीं देखा। सभी विद्यार्थियों के लिए हम कामना करते हैं कि जीवन में वे उन्नित के शिखर को छूकर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। डॉ. गुलशन बानो ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस स्कूल में पढ़ी हूं। उसी स्कूल में इस तरह का सम्मान पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मेरे डॉक्टर बनने के पीछे झुंझुनूं एकेडमी स्कूल के मोटिवेशन का बहुत बड़ा योगदान है। झुंझुनूं एकेडमी डॉक्टर, इंजीनियर ही नहीं, बेहतर इंसान भी बनाती है। चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे एल्युमिनाई छात्र उच्च पदों पर आसीन होकर जब मेहमान बनकर आते हैं तो हमें बहुत खुशी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा में पास तो सब होते हैं। परंतु हमें परीक्षा के साथ-साथ जीवन के इम्तिहान में भी प्रथम आना है। छह से आठ साल बाद जब तुम जॉब फील्ड में उतरोगे तो यह दुनिया बहुत बदल चुकी होगी। इसलिए भीड़ का हिस्सा मत बनो। लाइफ में स्किल्स की वैल्यू सबसे अधिक होती है। इसलिए दूरदर्शिता व समझदारी से जीवन का निर्णय लें। उन्होंने बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी प्रेषित की। स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने कहा कि आज से तुम्हारी स्कूली शिक्षा का दौर समाप्त हो रहा है।

सार-समाचार

विजेता सम्मानित

चूरू । स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर में सोमवार को भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। मंदिर अध्यक्ष झूमर मल राजोतिया ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को सुबह भगवान विश्वकर्मा का यज्ञ किया गया और उसके बाद आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोहनलाल मीसण थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि हीरालाल सिल्क, बजरंगलाल डाडयाला व रामलाल रोलीवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशनलाल काकटिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोहनलाल ने कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने से ही समाज विकसित होगा और इससे समाज की अन्य प्रतिभाएं भी प्रोत्साहित होगी। अध्यक्षता कर रहे किशनलाल काकटिया ने कहा कि समाज में कुरीतियों को मिटाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर हीरालाल सिल्क, बजरंगलाल व रामलाल रोलीवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान समाज की आम सभा भी आयोजित की गई, जिसमें समाज बंधुओं ने विचार-विमर्श किया और नीरज जांगिड़ ने मंदिर का अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। मंदिर के मंत्री ओमप्रकाश राजोतिया व कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार रोलीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधु व कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

नौकरी के बजाय स्वरोजगार अपनाएं'

सीकर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार पीएम श्री राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य सुशीला की अध्यक्षता में कैरियर मेला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि लक्ष्मणगढ़ एसडीएम मोहर सिंह मीणा विशिष्ट अतिथि इंदिरा शर्मा सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग, डॉ. प्रदीप पिलानिया प्रोफेसर साइंस कॉलेज सीकर, डॉक्टर सुमित सेवानिवृत प्राचार्य रणधीर, महिपाल सिंह बाजडोलिया व्याख्याता भौतिक विज्ञान सीकर ,पवन बुटोलिया, झाबरमल सेवाड़ा लोन मैनेजर एसबीआई, शीशराम डॉ प्रदीप प्रशासनिक अधिकारी, सेवानिवृत पुस्तकालय अध्यक्ष विनोद पारीक, मंचासीन रहे। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यवसाय से संबंधित स्टॉल लगाए गए। स्टॉल के माध्यम से 10वीं व 12वीं के बाद क्या करना है इसके बारे मंचासीन अधिकारियों ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें उचित कैरियर अपने का मार्गदर्शन किया। कैरियर मेला प्रभारी बाबूलाल वर्मा एवं कांता जाट ने छात्राओं को स्टॉल लगाने के बारे में प्रेरित किया। एसडीएम मोहरसिंह मीणा ने कहा कि आप कला विज्ञान और वाणिज्य में किसी भी क्षेत्र कम पैसे में भी अपना रोजगार प्राप्त कर अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा अर्जन के उपरान्त रोजगार आधारित व्यवसाय जैसे ड्राइंग पेंटिंग सौंदर्य प्रसाधन तथा विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों के विकल्प प्रस्तुत कर स्वरोजगार पर बल दिया । रणधीर ने होटल मैनेजमेंट की अच्छी जानकारी दी। डॉक्टर प्रदीप पिलानिया ने दवाइयां कैसे बनती है इसके बारे में जानकारी दी। छात्रों ने उत्सुकता वश मंचासीन अतिथियों से प्रश्न पूछ कर अपनी समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन इंदु शर्मा ने किया तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर हरित विद्यालय पर विनोद पारीक द्वारा विशेषज्ञ वार्ता भी की गई साथ ही डॉक्टर सुमित और डॉक्टर प्रदीप पिलानिया के द्वारा गणित व विज्ञान विषय पर विशेषज्ञ द्वारा जानकारी दी गई।

'कैरिअर मेले का आयोजन

झुंझुनूं । जिले के पिलानी के समीप झेरली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कॅरिअर मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर ना केवल विषय विशेषज्ञों ने अपनी उपयोगी जानकारी विद्यार्थियों को दी। बल्कि तैयारी के साथ आए विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। इस दौरान हुई वार्ता में लगभग हर विषय पर चर्चा हुई। विद्यार्थियों ने अपनी शंकाओं को सवालों के जरिए विषय विशेषज्ञों सेजानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने की। इस मौके पर लगाए गए मॉडल को भी अतिथियों व विषय विशेषज्ञों ने देखा और विद्यार्थियों की सोच तथा मेहनत की तारीफ की। संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने कहा कि स्कूल समय में विद्यार्थी की सोच ही उनका आगे का कॅरिअर तय करती है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। इस मौके पर कॅरिअर काउंसलिंग के रूप में प्रथम एनजीओ से हर्ष सिंह, पीरामल फाउंडेशन से राहुल, सिंघानिया विश्वविद्यालय डॉ. सुमित शर्मा आदि ने विचार रखे। कॅरिअर मेले के प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में पुरुषोत्तम भटैया, भानसिंह, बुधराम भूपेश, राजेंद्र शर्मा, मंजू झाझड़िया, अशोक सैनी, अमरसिंह, इंदिरा, सुनिल शर्मा, प्रकाश नेहल, विजयश्री, अनुसुइया, सुनिता शर्मा आदि मौजूद थे। इस मौके पर सीबीईओ कार्यालय पिलानी से आरपी लोकेन्द्रसिंह शेखावत ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

21 विद्यार्थियों का एन.डी.ए.में चयन

सीकर । हाल ही में आयोजित हुए एनडीए 154 एसएसबी इंटरव्यूज में प्रिंस एनडीए एकेडमी से 21 विद्यार्थियों का एनडीए 154 एसएसबी में चयन हुआ है। प्रिंस एनडीए एकेडमी के रजत कुमार, सृष्टि, आदित्य राठौड़, नव्या तिवाड़ी, मानस चौहान, प्रसन्न रावल एवं दिव्यांश का चयन कक्षा 12वीं के साथ हुआ है। अन्य चयनित विद्यार्थियों में ध्रुव, विवेक कोठारी, विशाल, हितेश कुमार, नरेंद्र, रितिक शर्मा, रितिक चौधरी, साहिल, अभिजीत, रणजीत सिंह, राहुल चाहर, हर्ष यादव, रितेश नेहरा एवं यश भार्गव शामिल हैं। गौरतलब है कि एक ही सत्र में एनडीए 153 में 17 एवं एनडीए 154 में 21 सलेक्शन के साथ प्रिंस एनडीए एकेडमी से कुल 38 कैडेट्स अब तक एक ही साल में एनडीए एसएसबी में चयनित हो चुके हैं।

स्कूल के वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांकृतिक प्रस्तुति

चूरू । निकटवर्ती गांव रिड़खला के महाराणा प्रताप उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार देर शाम सातवां वार्षिकोत्सव अभ्युदय 2025 व प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर

■ छात्र-छात्राओं ने एक से बढकर एक देशभक्ति व फिल्मीगीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी

किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. केसी सोनी व त्रिनेत्र योग धाम के योगाचार्य डॉ. मनोज शर्मा थे। प्रधानाचार्य संजय पारीक ने मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढकर एक देशभक्ति व फिल्मीगीतों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने गत सत्र में विद्यालय में विज्ञान वर्ग में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सविता साहू, कला वर्ग में टॉपर रोहित मेघवाल को लैपटॉप व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसी क्रम में कक्षा 10 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भामाशाह करतार सिंह ने 1100 रुपये नकद प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक विक्रम पारीक ने विद्यालय की उपलब्धियां और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संदीप व नरेंद्र ने संयुक्त रूप से किया।

चूरू निकटवर्ती गांव रिडखला के महाराणा प्रताप उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ।

ऋण साक्षात्कार 14 को

सीकर । परियोजना प्रबन्धक अनुजा निगम सीकर प्रियंका पारीक ने बताया कि राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय निगमों की ऋण योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मी, स्वच्छकार, विशेष योग्यजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के स्वरोजगार के लिए ऋण के लिए अनुजा निगम ऑनलाईन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों के आशार्थियों का साक्षात्कार लिये जाने के लिए निर्धारित जिला स्तरीय अप्रैजल कमेटी की बैठक संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग सीकर की अध्यक्षता में 14 फरवरी 2025 को अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मी, स्वच्छकार, विशेष योग्यजन तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियो के लिए प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अनुजा निगम कार्यालय (साक्षरता भवन), सीकर में साक्षात्कार लिया जावेगा।

Choice
The Joy of Earning

चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएन: U74999MH2016PTC281908
पंजीकृत कार्यालय: सुनील पटोदिया टॉवर, प्लॉट नंबर 156-158, जे.बी. नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई शहर, मुंबई, महाराष्ट्र-400099
आरबीआई एनबीएफसी (रजि.) क्रमांक: एन-13.02216 वेबसाइट: https://choiceindia.com

शाखा बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना

कृपया सूचित रहें कि पैसाबड़्डी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (PBFL) के साथ 22 अक्टूबर, 2024 को हुए बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट के बाद हमने दिनांक 11.05.2025 से न